आरे में कारशेड का 29% निर्माण

दिसंबर 2023 तक मेट्रो-3 का संचालन

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का काम फास्ट ट्रैक पर चल रहा है. मेट्रो-3 परियोजना के लिए आरे में ही कारशेड अप्रैल 2023 तक तैयार हो जाएगा. उसके बाद आरे-बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) खंड के बीच पहले चरण का संचालन 8 महीने बाद दिसंबर 23 तक शुरू करने का लक्ष्य है. यह जानकारी एमएमआरसीएल की एमडी अश्विनी भिड़े ने दी. **9 रेक के साथ पहला चरण :** बांद्रा-कोलाबा-सीप्ज तक 33.5 किमी भूमिगत मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है. भूमिगत मेट्रो की टनलिंग का काम लगभग पूरा हो गया है. मेट्रो-3 का निर्माण कर रही एमएमआरसीएल की एमडी अश्विनी भिड़े के अनुसार मेट्रो-3 के लिए आरे में कारशेड का काम लगभग 29% पूरा हो गया है. उन्होंने कहा कि पहले चरण के लिए ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) को छोड़कर लगभग सभी सुविधाएं तैयार हो जाएंगी. रेक जिसके लिए अप्रैल 2023 तक सुविधाएं तैयार कर ली जाएंगी, उसके बाद अगले 3-4 महीनों में पूरे कॉरिडोर से जुड़े काम पूरे कर लिए जाएंगे. मेट्रो के 9 रेक के साथ पहले चरण का यात्री संचालन शुरू होगा.

बीकेसी स्टेशन पर बीसीसी

आरे में मेट्रो-3 के लिए बन रहे कारशेड को लेकर उठे विवाद को लेकर अश्विनी भिड़े ने कहा कि 2014 में आरे में एमएमआरसीएल को 30 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई थी और इतना क्षेत्र 41 रेकों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त है. प्रारंभिक योजना में 8 डिब्बों के 31 रेक आसानी से कारशेड में समायोजित होंगे. अश्विनी भिड़े ने कहा कि आरे डिपो साइट पर कोई बाधा नहीं आएगी. वैसे भी बीकेसी मेट्रो स्टेशन पर बैक अप कंट्रोल सेंटर (बीसीसी) बनाने का फैसला किया गया है.

पूरा कॉरिडोर जुलाई 24 तक

एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े ने बताया कि मेट्रो-3 कॉरिडोर का पूरा खंड जुलाई 2024 तक खुलने की उम्मीद है. पहले चरण के कॉरिडोर का काम जून 2023 तक पूरा हो जाएगा.

2021 तक होना था पूरा

उल्लेखनीय है कि मेट्रो-3 की मूल लागत 23 हजार 136 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़ कर 33 हजार 405 करोड़ 82 लाख रुपये होगी. वर्ष 2016 में एमएमआरसीएल के माध्यम से मेट्रो-3 के काम की शुरुआत हुई. जापान सरकार के वित्तीय सहयोग से इस काम को 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य था, परंतु कोरोना, कारशेड विवाद सहित अनेक कारणों की वजह से देरी होती रही, इसकी वजह से लागत भी बढ़ गई.

निर्धारित होगी समय-सीमा

दिसंबर 2023 से तीन महीने पहले मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से वाणिज्यिक सेवाओं को संचालन करने की समय-सीमा निर्धारित होगी.